COMMERCE COMMISSION
NEW ZEALAND
*Te Komihana Tauhokohoko*

# अपने बच्चे को सुरक्षित रखना: बच्चों का नाइटवियर

*आग लगने के कम खतरे वाला नाइटविवर चुनने पर युक्तियाँ*

## लेबल ढूँढें

न्यूज़ीलैंड में, उत्पाद सुरक्षा मानक में शामिल बच्चों के नाइटवियर में आग से खतरे का लेबल लगा होना चाहिए। इसमें बच्चों के नए और पुराने नाइटवियर और कुछ डेवियर (दिन में पहने जाने वाले कपड़े) (नाम 00–14) शामिल हैं। लेबल आग लगने से होने वाली मृत्यु और चोट के जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए जानकारी दी गई होती है।

बच्चों के जिन नाइटवियर में आग से खतरे का लेबल लगा होना चाहिए, उनमें निम्न शामिल हैं:

- पजामा
- नाइटड्रेस और नाइटी
- कुछ ऑल-इन-वन
- नाइटशर्ट
- ड्रेसिंग गाउन
- बाथरोब
- ढीले-ढाले बॉक्सर शॉर्ट
- शिशुओं के आस्तीन या बिना आस्तीन वाले स्लीपबैग

नाइटवियर में वे कंबल और तौलिए भी शामिल हैं, जिनमें आस्तीन होता है या जो बिना आस्तीन वाले होते हैं।

आग से खतरे का लेबल आसानी से दिखाई देना चाहिए। वह:

- किसी कमीज़ या एक-पीस वाले कपड़े के अंदर की तरफ़ ऊपर में लगा होना चाहिए या पेंट में कमर पर पीछे की ओर अंदर की तरफ लगा होना चाहिए (एक सेट के सभी पीस पर लेबल लगा होना चाहिए)।
- उस पर आग से खतरे और नाप की जानकारी, लेबल के सामने की तरफ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
- नाइटवियर पर स्थायी रूप से लगा होना चाहिए, ताकि वह निकल न सके।

अगर नाइटवियर पैकेज में पैक करके बेची गई है जिसकी वजह से लेबल देखना या पढ़ना कठिन है, तो पैकेजिंग पर भी आग से खतरे की सही जानकारी स्पष्ट रूप से चिह्नित होनी चाहिए।



## लेबल को जानें

न्यूज़ीलैंड में बच्चों के नाइटवियर के लिए केवल कुछ स्टाइल और कपड़ों का उपयोग करने की अनुमति है।

### सफेद लेबल

आग लगने के कम खतरे वाले कपड़े से बना नाइटवियर और वह नाइटवियर जो चुस्त फ़िटिंग वाला होता है, उस पर सफेद लेबल लगा होता है, जिस पर लिखा होता है, "**CAUTION** KEEP AWAY FROM HEAT AND FLAME" (सावधान, आग और लौ से दूर रहें)। बच्चों के लिए नाइटवियर खरीदते समय यह सबसे सुरक्षित विकल्प होता है।

### लाल लेबल

वह नाइटवियर जिससे आग लगने का खतरा बहुत होता है, उसे लाल लेबल से चिह्नित किया जाता है, जिस पर लिखा होता है, "**WARNING** HIGH FIRE DANGER KEEP AWAY FROM HEAT AND FLAME" (चेतावनी, आग से बहुत खतरा है, आग और लौ से दूर रहें)।

आपको कुछ ऐसे नाइटवियर दिखते होंगे, जिन पर नारंगी रंग का लेबल लगा होता है। इस चेतावनी लेबल का अर्थ है कि वह नाइटवियर ऐसे कपड़े से बना है जिससे आग लगने का खतरा अधिक होता है और उसे चुस्त फ़िट होने के लिए बनाया गया है। इस लेबल को धीरे-धीरे हटा दिया गया है और अब वह बच्चों के नाइटवियर पर नहीं होता है।

अगर कपड़े सफेद या लाल लेबल की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें बहुत ही ज्वलनशील के रूप में रेट किया गया माना जाता है और उन्हें नाइटवियर के रूप में बेचा नहीं जा सकता।

## हाथ से बने नाइटवियर

अधिकतम सुरक्षा के लिए चुस्त फ़िट वाले पैटर्न चुनें और आग लगने के कम खतरे वाले कपड़े और ट्रिम ढूँढें।

जब तक कि आप चुस्त फ़िटिंग वाला डिज़ाइन नहीं बना रहे हैं, तब तक ऐसे कपड़े नहीं चुनें जो निम्न के हों:

- कोशिकारस (सेलूलोज़) *(कपास, बांस, लिनन, कप्रो, मोडल, विस्कोस, रेयान)*
- एसीटेट, *या*
- ऐक्रेलिक से भरपूर

क्योंकि ये कपड़े आसानी से जल सकते हैं।

अगर आप अपने बच्चों के लिए बच्चों का नाइटवियर बना रहे हैं या किसी को उपहार के रूप में देना चाहते हैं, तो आपको खतरे का लेबल लगाने की ज़रूरत नहीं है। हालाँकि, अगर आप बच्चों के लिए नाइटवियर बेचते हैं, तो आपको आगे से खतरे का लेबल ज़रूर लगाना होगा।

## सुरक्षा चेकलिस्ट

बच्चों के रात में पहने जाने वाले कपड़े यानी नाइटवियर खरीदते समय:

- ✓ हमेशा जाँच करें कि नाइटवियर में आग से खतरे का लेबल लगा हुआ है या वह उस कपड़े का बना है जिसमें आग लगने की संभावना कम होती है
- ✓ सफेद लेबल वाला नाइटवियर चुनें
- ✓ सुनिश्चित करें कि नाइटवियर चुस्त फ़िटिंग वाला हो, क्योंकि इससे आग लगने का खतरा कम हो जाता है।

### हीटर से मीटर

याद रखें, "आग लगने का कम खतरा" का मतलब "आग लगने का खतरा नहीं" नहीं होता है

अपने बच्चे को कभी भी स्टोव, हीटर या आग के बहुत करीब नहीं जाने दें

जिन चीज़ों में आग लग सकती है, उन्हें हीटर या आग से कम से कम एक मीटर दूर रखें

अगर आपके घर पर छोटे बच्चे हैं या उस जगह पर लोगों का आना-जाना लगा रहता है, तो अपने हीटर या आग के चारों तरफ सुरक्षा गार्ड लगाएँ। गार्ड को दीवार से लगाएँ

याद रखें कि कपड़ों में आग की लौ या आग के स्रोत से छूए बिना भी आग लग सकती है

## खुदरा विक्रेताओं से आप क्या अपेक्षा रख सकते हैं?

खुदरा विक्रेता यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं कि उनके द्वारा बेचे जा रहे नाइटवियर में आग से खतरे के सभी लेबल लगे हुए हैं।

बच्चों के लिए नाइटवियर खरीदते समय, अगर आपको यह संदेह होता है कि बेचे जा रहे उत्पाद को सही ढंग से लेबल नहीं किया गया है, तो उसे नहीं खरीदें। आप वाणिज्य आयोग से अपनी चिंताओं की रिपोर्ट कर सकते हैं।

## अधिक जानकारी और चिंताओं की रिपोर्ट करना

बच्चों के नाइटवियर की बिक्री से संबंधित और जानकारी या चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए, वाणिज्य आयोग से संपर्क करें:

फ़ोन: **0800 943 600**
ईमेल: **contact@comcom.govt.nz**
वेबसाइट: **www.comcom.govt.nz**

AS/NZS 1249:2014 लेबल, कॉपीराइट अनुबंध के तहत Standards New Zealand और SAI Global Ltd की अनुमति से तैयार किए गए हैं। यह दस्तावेज़ AS/NZS 1249:2014 पर आधारित है और इसे वाणिज्य आयोग के लिए Standards New Zealand द्वारा बनाया गया है।

STANDARDS® NEW ZEALAND
PAEREWA AOTEAROA

आप **www.comcom.govt.nz/subscribe** पर जानकारी के लिए सबस्क्राइब कर सकते हैं।

हमारे द्वारा लागू किए गए कानून के संभावित उल्लंघनों के बारे में जानकारी देने के लिए हमसे निम्न पर संपर्क करें: **फ़ोन**: 0800 943 600 **लिखें**: Contact Centre, PO Box 2351, Wellington 6140 **ईमेल**: contact@comcom.govt.nz

ISBN: 978-1-869455-24-8